## एक नजर में

### दीक्षार्थी मुमुक्षु नेहा जैन का वरघोड़ा निकाल बहुमान किया




**नीमच।** जैन दिवाकर पूज्य गुरुदेव की गुरुदेव श्री चौथमल जी म.सा की पावन जन्मभूमि नीमच नगर में संथारा विशेषज्ञ पूज्य गुरुदेव श्री धर्ममुनिजी म सा. की सुशिष्या धर्मशेरनी महासाध्वी परम पूज्य श्री धैर्यप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा के पावन सानिध्य में मुमुक्षु नवदीक्षार्थी बैरागन बहन कुमारी नेहा जैन की जैन भागवती दीक्षा 5 जनवरी सोमवार को बड़ी सादड़ी राजस्थान में संपन्न होगी । इस अवसर पर दीक्षार्थी बहन का वरघोड़ा एवं बहुमान समारोह का आयोजन स्थानकवासी श्रीसंघ नीमच द्वारा आयोजित किया गया श्री संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल पितलिया एवं मंत्री मनोहरलाल शंभू बंब ने बताया कि दीक्षार्थी बहन का वरघोड़ा नीमच में निकाला गया। वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वीर पार्क रोड स्थित श्री जैन स्थानक भवन पर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ संपूर्ण कार्यक्रम सकल श्रीसंघ समाज के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ छावनी ,श्री साधुमार्गी जैन समाज, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज ,श्री नीमचसिटी जैन समाज, श्री अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल, श्री जैन कॉन्फ्रेंस ,महिला मंडल, बहु मंडल, जैन दिवाकर युवा संघ ,नवयुवक मंडल, आदि ने मुमुक्षु दीक्षार्थी बहन का बहूमान एवं सम्मान किया. इस अवसर पर दिवाकर महिला मंडल की ओर से चौबीसी का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर आयोजन में सकल श्रीसंघ व बड़ी संख्या में समाजन उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीमाल ने किया और आभार मनोहरलाल शंभू बंब ने किया।

### जिपं नीमच की साधारण सभा की बैठक



**नीमच।** जिला पंचायत नीमच के अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान शिवाजी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग,प्रधानमंत्री सड़क योजना, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग,जल मिशन आदि विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव,जिला पंचायत के सदस्यगण, सांसद प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र पाटीदार, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि श्री प्रेमसिंह परिहार एवं जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बैंक की नौकरी छोड़ अनिल बंबोरिया बने आधुनिक पान किसान



**मंदसौर।** भानपुरा निवासी अनिल बंबोरिया ने प्राइवेट बैंक की नौकरी छोड़कर आधुनिक तकनीक से पान की खेती कर सफलता की नई मिसाल पेश की है। परंपरागत खेती में होने वाले नुकसान से परेशान होकर उन्होंने उद्यानिकी विभाग की सलाह पर वर्ष 2021–22 में 1000 वर्ग मीटर का पाली हाउस बनवाया, जिससे पान उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पाली हाउस तकनीक से पान की खेती में वर्षा, सर्दी, आंधी–तूफान, कीट एवं जड़ सड़न जैसी समस्याएं समाप्त हो गई हैं। इससे उत्पादन करीब डेढ़ गुना बढ़ा है, लागत कम हुई है और लाभ दो गुना तक पहुंच गया है। जहां पहले पनवाड़ी 1 से 1.5 वर्ष में नष्ट हो जाती थी, वहीं अब यह 15 से 20 वर्ष तक सुरक्षित रहती है। श्री बंबोरिया द्वारा उत्पादित पान की मांग दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, आगरा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रही है। उनकी इस पहल से क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर



**मंदसौर।** नवलबई बाई मेहता शिक्षण समिति द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय, निपानिया मेघराज में स्व. कनकमलजी मेहता की पुण्य स्मृति में विद्यालय के 40 जरूरतमंद छात्र–छात्राओं को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने हेतु स्वेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सेवा और प्रोत्साहन का संगम देखने को मिला, समिति के अभय मेहता ने बताया कि संस्था सेवा कार्यों के प्रति समर्पित है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में क्षेत्र के लगभग 10 से 12 स्कूलों में समिति द्वारा स्वेटर और स्टेशनरी का वितरण किया जा रहा है। मेहता ने कहा कि केवल भौतिक मदद ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समिति समय–समय पर चित्रकला, रंगोली और गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित करती है। शिक्षा और संस्कार पर जोर देते हुए समिति की सदस्य ललिता मेहता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हम बच्चों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर हैं ताकि उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए। वहीं, पुष्पा तरवेचा ने विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत करने और अच्छी पढ़ाई कर अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन कार्यक्रम में आबिद शाह ने बच्चों में देशप्रेम और नैतिकता का संचार करने के लिए सुप्रसिद्ध प्रेरणादायी गीत 'इंसाफ की डगर पर, बच्चों दिखाओ चल के' सुनाया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा बघेरवाल सहित शिक्षक अर्चना बामनियाँ, प्रमोद सरुंडिया, प्रेमलता सोनी और देउबई परिहार का सक्रिय सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन ने इस पुनीत कार्य के लिए समिति का आभार व्यक्त किया।

### आरसेटी में इलेक्ट्रिशियन, मोटर रिवांडिंग, मोबाइल रिपेयरिंग का नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण 22 दिसंबर से प्रारंभ

**मंदसौर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), मंदसौर द्वारा पुरुषों के लिए नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। संस्थान प्रबंधक ने जानकारी दी कि इलेक्ट्रिशियन (30 दिवसीय), मोटर रिवाइंडिंग (30 दिवसीय) एवं मोबाइल रिपेयरिंग (30 दिवसीय) प्रशिक्षण की संभावित प्रारंभ तिथि 22 दिसंबर निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण हेतु 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक पुरुष अभ्यर्थी शीघ्र पंजीयन कराकर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। पंजीयन के समय अभ्यर्थी दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम शैक्षणिक अंकसूची एवं बैंक खाते का विवरण (फोटो प्रति) साथ लाएं। प्रवेश एवं प्रशिक्षण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी), सर्किट हाउस के पहले, नई आबादी पुलिस थाना के पास, मंदसौर में कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

# भरभड़िया बायपास स्थित रस्सी फैक्ट्री के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन

**नीमच। नीमच के समीप भरभड़िया बायपास स्थित एक रस्सी फैक्ट्री में महिला मजदूरों के साथ कथित शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। शनिवार सुबह फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा समय का हवाला देते हुए कई महिला मजदूरों को काम पर लेने से मना कर दिया गया। बताया गया कि फैक्ट्री का समय सुबह 8 बजे निर्धारित है, जबकि कुछ महिलाएं 8 बजकर 10 से 15 मिनट की देरी से पहुंची थीं। इसी बात को लेकर फैक्ट्री मालिक ने गेट बंद कर महिलाओं को बाहर निकाल दिया, जिसके बाद महिलाएं सुबह 8 बजे से फैक्ट्री गेट के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।**



महिला मजदूर लाली बाई जाटव सहित अन्य महिलाओं ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में मालिक द्वारा लगातार तानाशाही रवैया अपनाया जाता है। उनका कहना है कि यदि कोई महिला मजदूर मात्र 10 मिनट भी लेट हो जाए तो उसके साथ गाली–गलौज की जाती है। शनिवार को तो हद हो गई जब सभी महिलाओं को गेट बंद कर बाहर निकाल दिया गया।

महिलाओं ने बताया कि उनसे सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे

## फैक्ट्री मालिक पर गंभीर आरोप, श्रम कानूनों की उड़ रही धज्जियां

तक करीब 10 घंटे काम कराया जाता है, साथ ही एक महिला मजदूर से 70 से 80 किलो तक वजन उठवाया जाता है। यदि कोई महिला वजन उठाने में असमर्थता जताती है तो उसके साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। महिला मजदूरों का यह भी आरोप है कि जब भी किसी अधिकारी का निरीक्षण होता है, उस दिन उन्हें छुट्टी दे दी जाती है, ताकि फैक्ट्री की वास्तविक स्थिति सामने न आ सके। महिलाओं का कहना है कि फैक्ट्री में श्रम कानूनों और नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

महिला मजदूरों ने मांग की है कि उनसे नियमों के अनुसार ही काम लिया जाए और उन्हें उचित वेतन व सम्मानजनक व्यवहार दिया जाए। वहीं श्रम विभाग मजदूरों के हितों की बात तो करता है, लेकिन ऐसी फैक्ट्रियों में लगातार सामने आ रहे शोषण के मामले विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करते हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में क्या ठोस कार्रवाई करता है।



## युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक

**मंदसौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के 29 दिसंबर को मंदसौर आगमन की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील पटेल ने की, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित मुख्य अतिथि रहे। बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा, महेश जूनवाल तथा युवा मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान एवं अंकित (चिंटू) शर्मा मंचस्थ रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री दीक्षित ने अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील पटेल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष टेलर 29 दिसंबर को प्रात: भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक करेंगे। इसके पश्चात नगर में विभिन्न स्थलों पर माल्यार्पण, पौधरोपण तथा कुशाभाऊ प्रेक्षा गृह में युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बाद में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों एवं बूथों पर नव मतदाताओं से संपर्क करेंगे। बैठक में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी उपस्थित रहे।

## साइकिल से मिलेगी रफ्तार, स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी : परिहार

### शासकीय उत्कृष्ट उमावि नीमच में छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण

**नीमच। नीमच विधानसभा के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच में दूर–दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्र के विधायक दिलीपसिंह परिहार द्वारा निशुल्क साईकिलें वितरण की गई।**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री परिहार ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो वर्ष में सडक, पेयजल, परिवहन, सांदीपनि विद्यालय, चिकित्सा शिक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज, पायलेट ट्रेनिंग सेन्टर, दो नये औद्योगिक क्षेत्र, नवीन कृशि उपज मण्डी, भाटखेडा–डूंगलावदा फोरलेन सडक निर्माण, चम्बल का पानी खेतों में, 24 घण्टे बिजली आपूर्ति देने का काम किया है।

समाज के सर्वहारा वर्ग के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं, लाडली बहना, आयुश्मान योजना आदि चलाई जा रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने स्कूलों के अच्छे भवन बनायें, बच्चों की पढ़ाई हेतु पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था की, स्कूल ड्रेस, पुस्तकें, मध्यान्ह भोजन, गांव की बेटी, लाडली बेटी छात्रवृत्ति, नि:शुल्क साईकिले और परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होंगे तो लैपटॉप एवं स्कूटी भी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दी जा रही है।

राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाडियों को 10 प्रतिशत बोनस अंक देने की मांग मध्यप्रदेश सरकार एवं खेलमंत्री से की गई है। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को विद्यालय समय पर पहुंचने में भी आसानी होगी।

इस निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदित्य मालू, जिला शिक्षा अधिकारी के. सी. मांगरिया, स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व्यास, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्वालटोली व इंदिरा नगर क्षेत्र में पंहुच सीएमओ ने चेक किया कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर

### भगवानपुरा चौराहे पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण देख नोटिस देने के दिए निर्देश

**नीमच। जब से नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु लगातार सुबह आकस्मिक भ्रमण प्रारंभ कर कर्मचारियों का हाजरी रजिस्टर चेक करना तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण प्रारंभ किया है तब से लापरवाह कर्मचारीयों में कार्यवाही का भय पैदा होकर वह मैदान में कार्य करते नजर आने लगे हैं ओर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार भी दिखाई देने लगा है।**



शनिवार, 20 दिसंबर को प्रात: मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया अचानक ग्वालटोली तथा इंदिरा नगर क्षेत्र में पहुंची और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही कर्मचारियों के हाजरी रजिस्टर चेक किये तथा उन्हें ड्यूटी समय में कार्यस्थल पर नियमित रूप से ड्रेस कोड में मौजूद रहने के निर्देश दिए।

इंदिरा नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के पश्चात सीएमओ बामनिया भगवानपुर चौराहा पहुंची और वहां दुकानों के बाहर पक्का अतिक्रमण देख नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अतिक्रमणकर्ताओ को नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि वह स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा अगली बार दुकान के बाहर रखा सामान जप्त कर लिया जाएगा।

**ग्रीन नेट के अंदर निर्माण करने के निर्देश–** मुख्य नगर पालिका अधिकारी बामनिया ने प्रदूषण से बचाव हेतु भवन निर्माण करने वाले भू स्वामियों को ग्रीन नेट के अंदर निर्माण करने के निर्देश दिए एवं शहर के नागरिकों एवं व्यवसाइयों से अपने यहां डस्टबिन रखने एवं एकत्रित कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालने का अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक व स्वच्छता निरीक्षक अविनाश घेंघट भी सीएमओ के साथ थे।

## शासकीय जमीनों के संरक्षण का अभियान–1.79 करोड़ मूल्य की शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त

### चिकली में 3.850 हे. व कुकडेश्वर में 0.279 हे. शासकीय जमीन से हटाया अतिक्रमण

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में प्रशासन द्वारा शासकीय भूमियों के संरक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुरूवार को राजस्व टीम द्वारा ग्राम चिकली में 3 लाख 8 हजार 880 रूपये मूल्य की 3.850 हेक्टेयर जमीन एवं कुकडेश्वर में एक करोड़ 74 लाख 96 हजार रूपये मूल्य की 0.729 हेक्टेयर कुल 1.79 करोड़ से अधिक के बाजार मूल्य की शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है।

एसडीएम कार्यालय मनासा से प्राप्त जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मनासा श्रीमती किरण आंजना के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार, कुकडेश्वर द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक–20/अ–68/2025–26 में पारित आदेश दिनांक 08–10–2025 द्वारा ग्राम–चिकली स्थित भूमि सर्वे नम्बर–66/1 रकबा 2.000 हेक्टर, सर्वे नम्बर–66/2 रकबा–4.700 हेक्टर, सर्वे नम्बर 63 रकबा 3.850 हेक्टर भूमि पर अतिक्रमणकर्ता कमलीबाई पति केशुराम बंजारा, चिकली भूमि पर अतिक्रमणकर्ता ताराबाई पति कारुलाल बंजारा, चिकली, सम्पतबाई पति भीमलाल बंजारा, चिकली, शांतिबाई पति नैनालाल बंजारा, चिकली, कारूलाल, भीमलाल, केशुराम, सोजी, नैनालाल पिता तेजा बंजारा, चिकली द्वारा किये गये अतिक्रमण से बेदखल कर अर्थदण्ड आरोपित किया है। साथ ही न्यायालय के प्रकरण क्रमांक–0005/अ–68/2024–2025 में पारित आदेश 23–07–2024 द्वारा ग्राम–कुकडेश्वर स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर–2977 रकबा 0.729 हेक्टर भूमि पर अतिक्रामक कुशवाहा समाज तर्फे लक्ष्मीनारायण पिता जमनालाल कुशवाहा, कुकडेश्वर द्वारा किये गये अतिक्रमण को मुक्त कर बेदखली आदेश किया गया है। किंतु नियत समयावधि में संबंधित द्वारा अतिक्रमण स्वमेव नही हटाने पर गठित दल द्वारा को शासकीय भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को छुड़वाया जाकर, प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में लिया गया हैं।

यह कार्य नायब तहसीलदार श्री नवीन छलोत्रे द्वारा गठित दल श्री रामदयाल शर्मा, प्रभारी राजस्व निरीक्षक, वृत्त–कुकडेश्वर, पटवारी श्री मुकेश गुर्जर, श्री विजयप्रताप नरवारिया, श्री प्रवीण कुमावत, श्री दीपक बसेर, एवं कोटवारगणों के दल द्वारा किया गया हैं। यह जानकारी एसडीएम सुश्री किरण आंजना ने दी हैं।

**एक नजर** मार्चपास्ट कर रहे आकर्षण का केंद्र, राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

## साई पब्लिक स्कूल में शौर्य के साथ दिखा दमखम : मलखंभ

**दलौदा।** श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा में वार्षिक खेल महोत्सव शौर्य 2025 – 26 का भव्य आयोजन किया गया। शौर्य की थीम पर आयोजित इस मिनी खेल महाकुंभ में प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर सभी स्तर के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का परिचय दिया। सर्वप्रथम परंपरा अनुसार मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रथम दिवस आयोजन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सिसोदिया एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार सोहोनी की उपस्थिति से सुशोभित मंच पर अतिथि स्वागत का क्रम चला तत्पश्चात स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसी कड़ी में विद्यालय के चारों सदन अग्नि, आर्यभट्ट, भास्कर, रोहिणी एवं स्काउट गाइड दल ने ऊर्जावान एवं अनुशासित मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अन्य प्रस्तुतियों में मलखंभ



आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें कक्षा दूसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की। भारतीय महिला खिलाड़ियों के सम्मान में एक नृत्य प्रस्तुति दी गई जिसने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया तत्पश्चात डंबल पीटी का आयोजन हुआ एवं खेल महाकुंभ स्पर्धा की शुरुआत की गई। शेष खेल स्पर्धा में विद्यार्थियों के साथ–साथ माता–पिता के लिए आयोजित कार्यक्रम गुब्बारे फुलाना, जलेबी रेस, नींबू रेस का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस के आयोजन में कबड्डी, वालीबॉल, रस्साकशी, एथेलेटिक्स का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। प्रथम दिवस के कार्यक्रम की इस अवसर पर साँई पब्लिक स्कूल दलौदा ने अपने 9 राष्ट्रीय स्तर के विद्यार्थी एवं 99 राज्य स्तरीय विद्यार्थियों का एवं उनके अभिभावक गण का सम्मान किया ।द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दुर्गा कंवरलाल जी राठौर (दादी जी) एवं विशिष्ट अतिथि करण सिंह सोलंकी (दादा जी) उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कार्यक्रम के अंत में अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें खेलों के प्रति अपनी रुचि, खेलों के महत्व खेलों में सक्रिय भागीदारी एवं जीवन में उसके मौलिक महत्व का अनुसरण करने के लिए समझाइश दी। इस शौर्य प्रतिस्पर्धा में कार्यक्रमों के अंत में अग्नि हाउस विजेता रहा एवं भास्कर हाउस उपविजेता घोषित हुआ।

इस अवसर पर आदर्श शिक्षा समिति अध्यक्षा सईदा बानो, सचिव मोहम्मद हनीफ साहब, डायरेक्टर मोहसिन अख्तर, असिस्टेंट डायरेक्टर नबील अख्तर, प्राचार्य श्री मनोज कुमार शर्मा एवं सभी शिक्षक गण, समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे ।इस दो दिवसीय खेल महोत्सव का संचालन सभी खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री हितेश शर्मा व शिक्षिका सुश्री पूजा चौहान द्वारा किया गया एवं आभार प्राथमिक प्रभारी गोसिया मंसूरी ने माना।